PUBLICATION NAME :	Rajasthan Patrika
EDITION :	Ahmedabad
DATE :	17/01/2023
PAGE :	4

स्टार्टअप्स के लिए बेहतर इकोसिस्टम बनाने को राज्य सरकार कटिबद्ध: संघवी

भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान (ईडीआईआई) ने वार्षिक स्टार्टअप शिखर सम्मेलन 'एम्प्रेसारियो' का किया आयोजन।

ईडीआईआई ने वार्षिक स्टार्टअप शिखर सम्मेलन 'एम्प्रेसारियो' का किया आयोजन

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

गांधीनगर. राज्य के उद्योग मंत्री हर्ष संघवी ने कहा कि स्टार्टअप के लिए बेहतर इको सिस्टम का निर्माण करने के लिए राज्य सरकार कटिबद्ध है। गुजरात आगामी दिनों में स्टार्टअप क्षेत्र के लिए विश्व के इनोवेटरों की पहली पसंद बनेगा।

वे सोमवार को भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान (ईडीआईआई) में राष्ट्रीय स्टार्टअप दिवस पर आयोजित वार्षिक उद्यमिता उत्सव- एम्प्रेसारियो को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि गुजरात सक्रिय नीतियों, मजबूत संस्थागत सेटअप और निजी क्षेत्र की गतिशील भागीदारी के विलय से देश में सबसे प्रगतिशील स्टार्टअप स्थलों में से एक होने की राह पर है। 'स्टैंड अप इंडिया' और 'स्टार्टअप इंडिया' योजनाएं 2016 में शुरू की गई थीं इसके बाद से 80,000 से अधिक स्टार्ट अप पंजीकृत किए गए हैं और लगभग 100 यूनिकॉर्न अस्तित्व में आए हैं, लेकिन गर्व की बात यह है कि 48 फीसदी से अधिक स्टार्टअप से महिलाएं जुड़ी हैं। भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान के महानिदेशक डॉ. सुनील शुक्ला ने कहा कि संस्थान का स्टार्टअप शिखर सम्मेलन देश में आयोजित होने वाले सबसे अनोखे उद्यमिता उत्सवों में से एक है। 2012 में अपनी स्थापना के बाद से एम्प्रेसारियो ने 1,000 से अधिक स्टार्टअप की भागीदारी देखी है।

डॉ. शुक्ल ने स्टार्टअप्स की सफलता में टेक्नोलॉजी और इनोवेशन की भूमिका पर जोर दिया। उन्होंने घोषणा की कि संस्थान के टेक्नोलॉजी बिजनेस इनक्यूबेटर - सेंटर फॉर एडवांसिंग एंड लॉन्चिंग एंटरप्राइजेज ने अब तक 106 स्टार्टअप्स को इनक्यूबेट किया है, जिन्होंने फंडिंग में 30 करोड़ रुपये से अधिक जुटाए हैं।

इस अवसर पर फिक्की-गुजरात परिषद के सह अध्यक्ष राजीव गांधी और उत्तराखंड सरकार के उच्च शिक्षा विभाग के सहायक निदेशक प्रोफेसर दीपक कुमार पांडे ने भी अपने विचार व्यक्त किए।